NEWS CLIPPING:15.09.2022

AAJ SAMAJ

मेरी पहचान हिंदी साहित्य संध्या कार्यक्रम का आयोजन

आज समाज नेटवर्क

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के मीडिया विभाग द्वारा हिंदी दिवस पर मेरी पहचान हिंदी साहित्य संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिन्दी भाषा की महत्ता व आवश्यकता को केंद्र में रखकर मिडिया विभाग के विद्यार्थियो द्वारा भाषण व काव्यपाठ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता एवम लेखिका जयमाला तोमर प्रमुख रूप से उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ पवन सिंह ने हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की कविता का वाचन कर विद्यार्थियों में हिंदी भाषा की प्रचुरता को प्रसारित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा की हिंदी भाषा का क्षेत्र बहुत ही व्यापक है। हिंदी भाषा जनसंपर्क की सबसे बड़ी भाषा है। इस लिए हमें हिंदी को बोलते हुए भी उतना ही गौरव महसूस होना चाहिए जितना की हम अंग्रेजी भाषा को बोलते हुए करते हैं। कार्यक्रम में श्रोताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जयमाला तोमर जी ने वैश्विक स्तर पर हिंदी के प्रभाव का वर्णन करते हुए विद्यार्थियों को हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने हिंदी को लेकर अपनी मौलिक रचनाओं को भी विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। भाषण प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन साहिल कौशिक व महक माहेश्वरी द्वारा किया तथा समन्वय डा सुधीर नाथल द्वारा किया गया।

NEWS CLIPPING:15.09.2022

DAINIK JAGRAN

हिंदी दिवस के उपलक्ष्य मे आयोजित कार्यक्रम के दौरान जयमाला तोमर को पौधा भेट करते हुए मीडिया विभाग के अध्यक्ष डा .पवन सिंह मलिक ● सौ.विश्वविद्यालय